Title: Need to provide necessary assistance to the villagers affected by floods in Hardoi, U.P.

श्रीमती उषा वर्मा (हरदोई): अध्यक्ष महोदय, हरदोई (उ.प्र) के विधान सभा क्षेत्र विलग्राम में राम गंगा व गंगा नदी के मध्य बसे २९ गांवों के मकान व कृषि योग्य भूमि हर वर्ष बाढ़ के कारण बह जाते हैं जिससे सैंकड़ों ग्रामीण अपनी गृहस्थी समेत बेघर हो जाते हैं जिसमें मुख्य गांव अर्जुनपुर, बेथर, अरवल, तिवारी पुरवा, गढिया, करनपुर और मलिकापुर इत्यादि हैं।

अतः उनके रहने व खाने पीने और आर्थिक सहायता की व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्य सरकार और केन्द्र सरकार की रहती है लेकिन उनकी ओर से गरीब ग्रामीणों की कोई देखभाल नहीं की जाती। इसलिए मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का इस ओर ध्यान दिलाना चाहती हूं कि बेघर ग्रामीणों के साथ उचित न्याय करें और उनकी सही रूप से व्यवस्था करें।